>

Title: Regarding Makhane (Foxnut) cultivation in Mithila region of Bihar.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए समस्त मिथिला की तरफ से आपका अभिनंदन । महोदय, 04 अगस्त, 2020 को बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर की टीम द्वारा जियोग्राफिकल इंडिकेशन के लिए रजिस्ट्रार के पास बिहार मखाना के नाम से जीआई टैग हेतु एक आवेदन भेजा गया है । महोदय, मखाना मिथिला क्षेत्र की प्रमुख फसल है, पूरे देश के उत्पादन का 90 प्रतिशत मिथिला में होता है, जहाँ पग-पग पोखर माछ मखान के लिए प्रसिद्ध मिथिला जैसे जल ही जल वाले क्षेत्र में मखाने का उत्पादन 9.5 लाख हेक्टेयर से अधिक में होता है । देश के यशस्वी प्रधान मंत्री परम आदरणीय श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी को समस्त मिथिला की तरफ से मैं बधाई देना चाहूँगा कि जिन्होंने आत्मनिर्भर भारत बनाने के मार्ग को प्रशस्त करते हुए वोकल फॉर लोकल का आह्वान किया और दस हजार करोड़ रुपये माइक्रो फूड एंटरप्राइजेज़ के लिए दिया गया, जिसमें मखाने को शामिल किया गया ।

माननीय अध्यक्ष : गोपाल जी, धन्यवाद ।

श्री गोपाल जी ठाकुर : महोदय, एक मिनट । बस हो गया ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी ।

माननीय अध्यक्ष : नो ।

16.07 hrs

STATEMENTS BY MINISTERS…Contd.